**11/10/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ दो प्रमुख पहलों, 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' और 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' का अनावरण किया। कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को अपनाने और सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 24 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम धन धान्य कृषि योजना शुरू की गई है। जबकि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन 11 हजार 440 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं एवं योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

0000000000000000000000

इस अवसर पर ईटानगर में वर्चुअली आयोजित एक समारोह में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि योजनाओं का अभिसरण सबसे प्रभावी विकास मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है।

'पीएम धन धान्य कृषि योजना' पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने ने विश्वास व्यक्त किया कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की योजनाओं के एकीकरण से यह योजना अत्यधिक प्रभावी बन जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत आंजाव ज़िले का चयन किया गया है और राज्य के कृषि विभाग से इस मॉडल को अरुणाचल प्रदेश के सभी ज़िलों में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि धन धान्य कृषि योजना के शुरु होने से कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और राज्य में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समाधान खोजने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासिघाट स्थित डीसी कोंफ़्रेंस हॉल में कल राज्य के मुख्य सचिव मनिश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरिय समिक्षा बैठक में डिस्ट्रीक्ट डेवलप्मेंट रिपोर्ट की समिक्षा की गई। बैठक में जिला उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने जिले के प्रदर्शन, पूरी हो चुकी परियोजनाओं, चल रहे कार्यों और आगामी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने जिले की प्रगति की सराहना करते हुए निरंतर और सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय मुगा एरी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, लाहदोईगढ़, जोरहाट ने अरुणाचल प्रदेश के रेशम उत्पादन विभाग के सहयोग से, ईस्ट सियांग जिले में पासीघाट के सिले स्थित रेशम उत्पादन विभाग के फार्म में "अरुणाचल प्रदेश में सतत मुगा और एरीकल्चर के माध्यम से जनजातीय आजीविका को सुदृढ़ बनाना" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य स्थायी रेशम उत्पादन प्रथाओं को बढ़ावा देना, नवीनतम तकनीकी प्रगति के बारे में जानकारी, राज्य में ग्रामीण आजीविका में सुधार और महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए मुगा और एरीकल्चर में जनजातीय लोगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिले के सेजोसा SDPO, शशि डोरे ने नशीली दवाओं से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए कल तीन प्रमुख नागरिक-केंद्रित सेवाओं का शुभारंभ किया। अब निवासी किसी भी संदिग्ध नशीली दवाओं से संबंधित अपराध की सूचना गुमनाम तरिके से दे सकते है। समर्पित 24X7 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर - **7085504595** नंबर एक बार फ़िर से सुने, नंबर है **7085504595**।

इसी तरह, व्हाट्सएप के माध्यम से FIR दर्ज कर सकते हैं, खोए हुए मोबाइल फोन की सूचना दे सकते हैं, और नौकरी, पासपोर्ट और रेसिडेंस पुलिस वेरिफ़िकेशन के लिए भी आवेदन भेज सकते हैं। SDPO ने कहा कि एक समर्पित निगरानी सेल प्रत्येक मामले पर नज़र रखेगा ताकि हर शिकायत या अनुरोध पर सहायता तुरंत प्रदान की जा सके।

0000000000000000000000

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का आकलन करने के उद्देश्य से कल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने जिला चिकित्सा अधिकारियों और वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री वाहगे ने राज्य में स्वास्थ्य सेवा वितरण को और मज़बूत करने के लिए प्रमुख चुनौतियों, चल रही पहलों और रणनीतियों पर केंद्रित चर्चा साझा की। बैठ में स्वास्थ्य मंत्री के सलाहकार डॉ. मोहेश चाई, निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उप्स्थित रहें।

0000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिला प्रशासन द्वारा कल दुमपोरिजो में सुबनसिरी नदी के बाएं किनारे की भूमि से प्रभावित मेंगा जलविद्युत परियोजना के प्रभावित लोगों के साथ एक समन्वय एवं जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

स्थानीय विधायक रोदे बुई ने कहा कि जलविद्युत परियोजना जिले के विकास के लिए कोई बाधा नहीं है, बल्कि इससे विकास को और गति मिलेगी।

000000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 7 जिलों ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000000000000000000000000